# कोविड-19 के नये वैरिएंट बीएफ.7 को लेकर प्रशासन अलर्ट

## एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर टेस्टिंग टीम की हुई प्रतिनियुक्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कोविड-19 के नये वैरिएंट बीएफ.7 के प्रसार की रोकथाम को लेकर रांची में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर कोविड-19 जांच कराने के लिए टेस्टिंग टीम और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस संबंध में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने आदेश जारी किया। अपर मुख्य स्वास्थ्य सचिव के पत्र के आलोक में राज्य के विभिन्न जिलों एवं देश के अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों की कोविड-19 जांच टीम द्वारा की जाएगी।

**तीन शिफ्ट में की गई है प्रतिनियुक्ति**

एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंडों के टेस्टिंग टीम के कर्मियों और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति तीन शिफ्ट में की गई है। सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक और रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक इनकी प्रतिनियुक्ति की गई है।

**सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश**

उपायुक्त द्वारा रांची सिविल सर्जन को कोविड टेस्टिंग टीम को पर्याप्त मात्रा में जांच के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्ति कराने का निर्देश दिया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था, रांची सदर अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों को भी उपायुक्त द्वारा इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

**इन स्थानों पर होगी जांच**

- बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची
- हटिया रेलवे स्टेशन
- रांची रेलवे स्टेशन
- बस स्टैंड, पटेल चौक, रांची
- खादगढ़ा बस स्टैंड
- आइटीआइ बस स्टैंड

# जयपाल सिंह मुंडा की 120वीं जयंती पर जयपाल सिंह मुंडा अवार्ड 3 को

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मरांग गोमगे जयपाल सिंह मुंडा की 120वीं जयंती के अवसर पर उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में कांके रोड स्थित सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में 03 जनवरी को अपराह्न 2:00 बजे जयपाल सिंह मुंडा अवार्ड 2022 का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्र से वैसे विशेष लोग जिन्होंने खेल, साहित्य, सिनेमा जगत, पत्रकारिता व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट सेवा कार्य किया है या योगदान दिया है उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी उम्मीद फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश टोप्पो ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेस में दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव होंगप्रेस को बताया कि विभूतियों को सम्मानित करने के अलावा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। मौके पर उन्होंने मरांग गोमके जयपाल सिंह के जीवन व आदर्शों पर प्रकाश डाला। मौके पर उपस्थित लोगो में उम्मीद फाउंडेशन के रितेश उरांव, संदीप मुंडा, प्रदीप मिर्धा, सोनू खलको, राजेश टोप्पो आदि शामिल थे।

# नगर आयुक्त के आदेश पर हुई इमारतों की मापी की जांच

- कुंदन टायर द्वारा ट्रेड लाइसेंस के लिए अब अप्लाई नहीं किये जाने से ऑन द स्पॉट फाइन
- एसएएफ फार्म में एरिया की गलत जानकारी देने के कारण दंड स्वरूप 100 प्रतिशत का शास्ति अधिरोपित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** नगर आयुक्त के आदेशानुसार रांची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड -02 में झारखंड नगरपालिका अधिनियम,2011 की धारा 483 के तहत व्यावसायिक बहुमंजिले इमारतों के घृतियों के भवन मापी, वाटर हार्वेस्टिंग , ट्रेड लाइसेंस आदि की जांच की गयी। जांच के क्रम में पाया गया कि कुंदन टायर द्वारा ट्रेड लाइसेंस अप्लाई नहीं किया गया है जिस कारण कुंदन टायर को स्पॉट फाइन किया गया। साथ ही जांच के क्रम में आवेदन द्वारा एसएएफ फॉर्म मे एरिया की गलत जानकारी निगम को उपलब्ध करायी गयी थी। जांच समिति द्वारा एरिया जांच किया गया तो एरिया अधिक पाया गया। जिसके कारण उक्त आवेदकों को दंड स्वरुप 100 प्रतिशत का शास्ति अधिरोपित किया गया। साथ ही व्यापार कर रहे दुकानदारों को निदेशित किया गया कि व्यवसाय करने हेतू ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जिन दुकानदारों के द्वारा अबतक ट्रेड लाइसेंस नहीं प्राप्त किया गया है वे अविलंब ट्रेड लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करेंगे। इसके बाद भी ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाया जाता है तो उक्त दुकानों को झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 466 (1) के तहत दुकानों को सीलबंद करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। जांच में प्रशिक्षु सहायक नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, राजस्व शाखा एवं निगम के कर संग्रहकर्ता शामिल थे।

# प्राथमिक शिक्षा के मामले में गंभीर बनें अधिकारी : बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने झारखंड में प्राथमिक शिक्षा संस्थानों की स्थिति पर चिंता जतायी है। बंधु तिर्की ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि झारखंड स्थापना के 22 साल बाद भी प्राथमिक शिक्षा के मामले में जमीनी स्तर पर हमारी स्थिति बहुत ही कमजोर है। इस मामले में सरकार के संकल्प और आम जनता की आकांक्षा का जमीन पर न उतर पाना गंभीर चिंता की बात है। उन्होंने कहा है कि गठबंधन सरकार, शिक्षा विशेषकर प्राथमिक शिक्षा के मामले में बहुत अधिक संवेदनशील है और संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस मामले में गंभीरता बरतते हुए सरकार के संकल्प को जमीन पर उतारने में अपनी पूरी ताकत लगा देनी चाहिए।

बंधु तिर्की ने कहा है कि राज्य में लगभग 21 हजार प्राथमिक विद्यालय हैं, जिसमें से साढ़े 18 हजार वैसे उत्क्रमित विद्यालय हैं, जो सर्व शिक्षा अभियान के तहत कार्य कर रहे हैं। जिनकी स्थापना इजीएस (एजुकेशन गारंटी स्कीम) के तहत की गयी थी। इसके अलावा पांच सौ नव प्राथमिक विद्यालय हैं। उन्होंने कहा है कि शिक्षा की बुनियाद मूलतः प्राथमिक शिक्षा ही है, क्योंकि यदि प्राथमिक शिक्षा पर पूरी गंभीरता के साथ ध्यान दिया जाये और आधारभूत संरचना का विकास किया जाये तो इसके कारण कुल मिलाकर छात्र-छात्राओं की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि बुनियाद मजबूत होगी तो निश्चित रूप से वैसी सुदृढ़ संरचना तैयार होगी, जिसका महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और उसके कारण जमीनी स्तर पर राज्य में मौजूद कई समस्याओं का समाधान किया जा सकता है या आर्थिक चुनौतियों से निपटा जा सकता है।

बंधु तिर्की ने कहा कि पिछले 22 वर्षों में जिस प्रकार से प्राथमिक शिक्षा को हल्के में लिया गया है उसका घातक प्रभाव आज भी हमें नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने इस बात का पूरा प्रयास किया है कि प्राथमिक शिक्षा की स्थिति सुदृढ़ हो और राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में बेहतर आधारभूत संरचना तैयार हो। इसके लिए सरकार के पास संसाधन की कमी नहीं है और जरूरत केवल उस दृढ़ इच्छाशक्ति की है, जिसे विभागीय अधिकारियों को जमीनी स्तर पर प्रदर्शित करना है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालयों के भवन के साथ ही स्कूल के बेंच-डेस्क,फर्नीचर और अन्य संसाधनों पर ध्यान दिया जाना चाहिये। जबकि आज स्थिति यह है कि उन्हीं विद्यालयों में आलमारी तक नहीं है, जहां विद्यालय के दस्तावेज, पुस्तकें, स्टेशनरी आदि सुरक्षित रखी जा सके। उन्होंने कहा कि हर विद्यालय में सुव्यवस्थित लाइब्रेरी की स्थापना भी की जानी चाहिये और उसके लिये आलमारी आदि की व्यवस्था करना बहुत ज्यादा जरूरी है, क्योंकि इसके अभाव में विद्यालय में जिन पुस्तकों की आपूर्ति की जाती है, उनमें से अधिकांश को कुछ ही समय बाद दीमक खा जाते हैं या वह नष्ट हो जाती है। जबकि प्रकाशकों या आपूर्तिकताओं को उनके बिल का भुगतान कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना एवं प्राथमिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता, अपनी प्रबंधन एवं प्रशासनिक क्षमता से अपने दायित्वों को कार्यरूप में परिवर्तित करते हुए प्राथमिक शिक्षा की स्थिति को बेहतर करने के लिए अपना पूरा प्रयास करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आम लोगों एवं ग्रामीणों का विद्यालय से भावनात्मक जुड़ाव का प्रयास हो, जिससे वे उसकी देखरेख और उसका संरक्षण करने के साथ-साथ उसे और बेहतर करने में अपना योगदान दे सकें। इसके साथ ही तिर्की ने प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में अभिभावकों एवं शिक्षकों की नियमित बैठक (पीटीएम) को अनिवार्य बनाने को बहुत जरूरी बताया।

# बिहार के तर्ज पर झारखंड सरकार भी राज्य में जातिगत जनगणना कराने का काम करे : डॉ रूपम यादव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश प्रभारी डॉ रूपम यादव ने झारखंड में चल रहे महागठबंधन सरकार के तीन वर्ष पूरा होने पर एवं नये वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप पिछड़ी जातियों की वर्षों पुरानी आरक्षण की मांग को 14 प्रतिशत बढ़ाकर 27 प्रतिशत आरक्षण का वादा पूरा किया है। झारखंड की गठबंधन की सरकार जनता के हित में अच्छा कार्य कर रही है। पुरानी पेंशन योजना, किसानों की ऋण माफी, पारा शिक्षकों की समस्याओं का समाधान, आंगनबाड़ी सेविकाओं की मांगे सहित अन्य कल्याणकारी कार्यो को अमली जामा पहनाने का कार्य किया है। डॉ रूपम प्रदेश कांग्रेस ओबीस विभाग की बैठक के बाद शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रही थी। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहु, पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश, परवेज आलम, राजेश चन्द्र राजू, प्रदीप साहु, उपस्थित थे।

डॉ. रूपम ने कहा कि किसी भी योजना को सफल बनाने के लिए जरूरी होता है कि जिसके लिए योजनाएं बन रही हैं, उनकी संख्या कितनी है, उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति कैसी है। साथ ही देश में सबसे अधिक आबादी जिनकी है, इसकी जानकारी हो। इसलिए कांग्रेस का ओबीसी विभाग मांग करता है कि देश में ओबीसी की जातीय जनगणना हो। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी कांग्रेस राज्य सरकार के स्तर पर बिहार के तर्ज पर जातिगत जनगणना की मांग करती है।

डॉ रूपम ने कहा कि आज देश में नफरत के माहौल में भी राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम पूरे देश में सफलता पूर्वक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में चेयरमैन अभिलाष साहु के नेतृत्व में ओबीसी कांग्रेस प्रदेश से लेकर जिला एवं प्रखंड कमिटी तक काफी मजबूत एवं सशक्त है। इसको बूथ स्तर तक ले जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में लगभग 50 उपजातियां पिछड़े जातियों का है। सभी जातियों को ओबीसी कांग्रेस में प्रतिनिधित्व का मौका देकर कांग्रेस संगठन को मजबूत किया जा सकता है।

**ओबीसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस गंभीर : अभिलाष**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहु ने कहा कि कांग्रेस ओबीस संगठन लगातार प्रदेश में ओबीसी समुदाय की समस्याओं को लेकर गंभीर है। इसको लेकर समय-समय आंदोलित रही है आगे भी केन्द्रीय नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व और प्रदेश प्रभारी का जो भी निर्देश मिलेगा उसे पालन करेंगे। हमारा प्रयास होगा ओबीसी संगठन को पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक कमिटी 2024 लोकसभा चुनाव के पहले बनाकर झारखंड से सभी सीट जीतकर राहुल को देश के प्रधानमंत्री बनाना है।

## झारखंड के खिलाड़ी रोशन कर रहे राज्य का नाम : किसलय तिवारी



**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में अरगोड़ा मैदान में फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी और फुटबॉल का वितरण किया गया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि युवा मोर्चा का प्रयास है कि युवा खिलाड़ियों की सहायता की जा सके। जो परिश्रम कर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं। पूरे विश्व में झारखंड के खिलाड़ियों ने देश का नाम सुनहरे अक्षरों से लिखा है। न सिर्फ क्रिकेट बल्कि हॉकी एतीरंदाजी, कबड्डी, कराटे जैसे खेलों में झारखंड के खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट है। झारखंड के युवा पूरे देश में राज्य का नाम आगे बढ़ा रहे है।

# 2022 के दौरान सीएमपीडीआइ ने अपने खाते में दर्ज की कई उपलब्धियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएमपीडीआई ने वर्ष 2022 में अनेक उपलब्धियां हासिल की है। इसक तहत सीएमपीडीआई ने गवेषण की गति बढ़ाने के लिए कोयले की खोज में लगभग 1000 मीटर की गहराई तक 2डी/3डी सिस्मिक सर्वे और डेटा अधिग्रहण शुरू किया है। विभागीय संसाधनों से 2डी/3डी सिस्मिक सर्वे पर बल दिया गया है। 2022 के दौरान विभागीय संसाधन द्वारा लगभग 70 लाइन कि.मी. सिस्मिक सर्वे किया गया है और वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान लगभग 180 लाइन कि.मी. सिस्मिक सर्वेक्षण किए जाने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2022 के दौरान लगभग 6.61 लाख मीटर ड्रिलिंग की गई है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान लगभग 7 लाख मीटर ड्रिलिंग का लक्ष्य रखा गया है। 30 भूवैज्ञानिक रिपोर्टों के माध्यम से लगभग 435 वर्ग कि.मी. के क्षेत्र को कवर करते हुए विस्तृत गवेषण के माध्यम से प्रमाणित (प्रूव्ड) श्रेणी में लगभग 13.5 बिलियन टन कोयला संसाधन जोड़े गए।

कोयले की बिक्री के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा पहली, दूसरी, तीसरी, चैथी और पांचवीं किश्त की नीलामी के लिए चुने गए लगभग 220 कोयला ब्लाकों के लिए खान डोजियर तैयार किए गए और कोयला मंत्रालय को प्रस्तुत किए गए। इनमें से करीब 60 कोयला ब्लाकों की पहले पांच चरणों में सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है। 6वीं किश्त के लिए 133 कोयला ब्लाकों और 5वीं किश्त (दूसरे प्रयास) के लिए 8 कोयला ब्लाकों के लिए खान डोजियर एमओसी को प्रस्तुत किए गए, जिनकी नीलामी प्रक्रियाधीन है।

वहीं कोल गैसीफिकेशन के क्षेत्र में ईसीएल, एसईसीएल और डब्ल्यू में बीओओ मोड पर भूतल कोयला गैसीकरण परियोजना के विकास के लिए तीन निविदाएं जारी की गईं है।

# कैसी कल्याणकारी सरकार, जो कड़ाके की ठंड में गरीबों को बेघर कर दिया : बबलू मुंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रेलवे प्रशासन ने कड़ाके की ठंड में गरीबों के आशियाने को उजाड़ने का काम किया। बेघर हुए सैकड़ों गरीब के आंखों में आंसू है। इनके मन में आक्रोश ही आक्रोश है। क्योंकि उनके बच्चे-महिलाएं, बुजूर्ग सड़क पर हैं। इनकी सूध लेने न सरकार और न ही विपक्ष के कोई भी नुमाईंदा आया। अब इस ठंड में कहां रात गुजारे, कोई दूसरा ठौर भी नहीं। ऐसी व्यवस्था जहां मानवता की कोई कद्र नहीं, सम्मान नहीं, अतिक्रमण के नाम पर ठंड में बेघर कर देना बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबों के साथ मजाक नहीं तो क्या है। ऐसी व्यवस्था के खिलाफ आवाज मुखर करने के लिए पुतला दहन करने का काम किया गया है। यह बातें केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने शुक्रवार को कही। श्री मुंडा शुक्रवार को कडरू पुल टोली में बेघर हुए लोगों के साथ पुतला दहन कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। राज्य और शहर के एक दर्जन माननीयों और पदाधिकारियों का पुतला दहन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद संजय सेठ, डीआरएम रांची रेल मंडल, कांग्रेस पार्टी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का पुतला दहन किया गया।

# ब्रेन डेड की स्थिति में एचइसी, भाजपा ने कुछ नहीं किया : झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने कहा है कि हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) की आर्थिक सेहत इतनी खराब है कि कंपनी के पास अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने तक के पैसे नहीं हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह एचईसी को बचाने के लिये पिछले आठ साल से बहाना बना रही है। उन्होंने कहा कि एचइसी पिछले 1 साल से तो मृतप्राय की स्थिति में है। इसे लेकर भाजपा के 12 सांसदों के प्रति लोगों में जबरदस्त नाराजगी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 झामुमो और झारखंड के लिए नई चुनौतियों का वर्ष होगा। अपने विरोधियों को मैं बता दूं कि झामुमो अपने गठन से ही संघर्षों से जूझकर आगे बढ़ा है। वर्ष 2023 राजनीतिक तौर पर झामुमो का संकल्प का वर्ष होगा। हमारा यह संकल्प होगा कि 2024 में झारखंड को भाजपा से मुक्ति दिलायी जाये।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के तीन साल सफलतापूर्वक पूरे करने के दूसरे दिन यह खबर आना कि अमित शाह सात जनवरी को चाईबासा दौरे पर आ रहे हैं। इससे साफ है कि भाजपा नेताओं में जबरदस्त बौखलाहट है। यह दौरा उस संसदीय सीट पर हो रहा है, जहां भाजपा का एक भी जनप्रतिनिधि नहीं है। उन्होंने कहा कि एचईसी की गिरती स्थिति के बाद हेमंत सरकार के विकास के कामों को देख भाजपा जान चुकी हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में उसकी दिशा और दशा क्या होगी। झामुमो चाहता है कि अमित शाह राज्य में पार्टी की वस्तुस्थिति से अवगत हों। वे पांचों प्रमंडल का एक-एक कर दौरा करें।

## खबर एक नजर में

### राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव में उमड़ रहा जनसैलाब

**रांची।** राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में लोगों का जनसैलाब उमड़ रहा है। महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। लोगों के लिए रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसमे चित्रकारी प्रतियोगिता में हर उम्र के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों को गांधी थीम दी गई थी जिसमें बच्चों ने अपने अनुसार खूबसूरत रंगों से गांधी की अलग-अलग चित्रकारी की। इसमें प्रथम स्थान निधि रानी, द्वितीय स्थान प्रणाम कुमार और तृतीय स्थान हिया कुमारी ने हासिल किया। रोजाना महोत्सव में अलग-अलग राज्यों से आए कलाकारों की ओर से मुख्य मंच पर प्रस्तुति दी जा रही है। शुक्रवार को असम के कलाकारों द्वारा असम लोक नृत्य बिहू का प्रस्तुति दिया गया। इसे लोगों ने खूब सराहा। जेएफटीए की ओर से बिरसा मुंडा के उलगुलान पर आधारित नागपुरी नाटक की प्रस्तुति दी गई। इसे देख लोग भावुक हो गए। गजल गायक मिश्रा बंधु और उनके टीम के द्वारा अपने शानदार गजलों से लोगों को अपनी ओर खींचा। वहीं, दूसरी ओर मैथिली गायक सुरेंद्र नारायण यादव की ओर से शानदार मैथिली गायन की प्रस्तुति दी गई।

### हलाल अर्थव्यवस्था संपूर्ण भारत के लिए संकटकारी : स्वामी सीताराम

**रांची।** शुक्रवार को राष्ट्र बचाओ आंदोलन की योजना बैठक एलपी पब्लिक स्कूल किशोरगंज में हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज उपस्थित थे । स्वामी सीताराम शरण ने कहा कि एक जनवरी हिंदुओ के लिए नया वर्ष नहीं है। नया वर्ष होली के बाद चैत्र में नववर्ष प्रतिपदा को होता है। भारत मे सविधान नही बहुविधान चल रहा है।भारत स्वतंत्र होने के पश्चत भारतीय संस्कृति के अनुकूल संविधान होना चाहिए। जबकि दो सौ बाइस काले कानून अंग्रेज के समय से चला आ रहा है। हिन्दू मठ मंदिर पर 30 प्रकार के कानून लगे हैं। जबकि मस्जिद और चर्च आज भी उस कानून से मुक्त है। कांग्रेस के कार्यकाल में हिंदुओ को कानून के द्वारा भी छला गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड को कानून के द्वारा भारत मे इस्लाम अर्थव्यवस्था को मजबूत किया गया। जबकि हिन्दु, जैन, बौद्ध के लिए कोई बोर्ड नही बना। हलाल अर्थव्यवस्था सम्पूर्ण भारत के लिए संकटकारी है। हलाल सर्टिफिकेट वाली वस्तु हिंदुओ को नही खरीदना चाहिए। हलाल अर्थव्यवस्था और जेहादी आतंकवाद का सम्बंध जोड़ा जा रहा है। हर जिले में राष्ट्र बचाओ उद्बोधन कार्यक्रम किया जायेगा। 28, 29, 30 जनवरी को तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में इंद्रदेव लाल , महावीर सिंह, नम्रता सोनी, सूरज तिवारी, रूपाय बनर्जी एवं ओरमांझी से सोहनलाल महतो उपस्थित थे।

# साल 2022 में झारखंड हाइकोर्ट ने कई गंभीर मामलों में लिया स्वतः संज्ञान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने ऐसे कई गंभीर मामलों में स्वतः संज्ञान लिया, जो विषय राज्य के लिए संवेदनशील थे। ऐसे विषयों पर हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगायी, दिशा-निर्देश दिये। ऐसे कई इश्यू हैं जो चर्चा में रहा।

**देवघर में त्रिकूट पर्वत रोपवे हादसा मामला**

देवघर में 10 अप्रैल को हुए त्रिकूट पर्वत रोपवे हादसे जिसमे तीन लोगों की मौत हुई थी, पर हाईकोर्ट ने गंभीरता दिखाते हुए स्वतः संज्ञान लिया है। मामले में बीआईटी मेसरा व सिम्फर की ओर से कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी गई है। कोर्ट ने सिंफर के वैज्ञानिकों का पक्ष सुनने के बाद राज्य सरकार से पूछा था कि बीआईटी मेसरा ने वर्ष 2009 में रिपोर्ट दी थी उस रिपोर्ट के आलोक में राज्य सरकार ने रूप में सिस्टम दुरुस्त क्यों नहीं किया। कोर्ट ने राज्य सरकार के रिपोर्ट असंतुष्टि जताते हुए फिर से रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**जमशेदपुर के सिदगोड़ा में मनप्रीत सिंह की हत्या का मामला**

जमशेदपुर के सिदगोड़ा में 8 जून को कोर्ट में पेशी से लौटाने पर घर में घुस कर अपराधियों द्वारा मनप्रीत सिंह की हत्या मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। मामले में कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि राज्य में गवाह सुरक्षा योजना लागू है या नहीं। यदि लागू है तो गवाहों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए गए। 8 जून को जमशेदपुर के सिदगोड़ा के एग्रीको में घर में घुस कर एक युवक की हत्या कर दी गई थी।

**देवघर सिविल कोर्ट परिसर में आरोपी की हत्या का मामला**

देवघर के सिविल कोर्ट परिसर के वकलतखाना में पेशी के लिए आए आरोपी की 18 जून को गोली मारकर हत्या करने के मामले पर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। मामले में कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगते हुए मौखिक कहा था कि झारखंड में ऐसी घटनाएं आए दिन हो रही है। झारखंड में ये क्या हो रहा है। कोर्ट परिसर में हत्या की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि अदालतों की सुरक्षा के लिए क्या उपाय किए गए है इसकी जानकारी दे। पेशी के लिए लाए गए विचाराधीन बंदी को देवघर सिविल कोर्ट में गोली मार दी गई थी। मारा गया आरोपी अमित कुमार सिंह बिहार का रहने वाला था। एक बिजनेसमैन के अपहरण के मामले में उसकी पेशी के लिए लाया गया था।

**दुमका में अंकिता को आग के हवाले कर उसकी हत्या करने का मामला**

दुमका में 23 अगस्त की रात एक तरफा प्यार में शाहरुख नामक युवक ने घर में सो रही 12वीं की छात्रा अंकिता को जिंदा आग के हवाले कर दिया था। बाद में रिम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में भी हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। साथ ही राज्य सरकार को जल्द अनुसंधान पूरा करने और चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि देवघर एम्स में बर्न वार्ड है या नहीं।

**टाना भगतों द्वारा लातेहार जिला व्यवहार न्यायालय का घेराव में बवाल करने का मामला**

टाना भगतों के द्वारा लातेहार जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय का घेराव करते हुए जमकर बवाल किए जाने के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। साथ ही मामले में कोर्ट ने डीजीपी और मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी थी। 10 अक्टूबर को टाना भगतों की ओर से किए गए पथराव में लातेहार सदर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। उग्र प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस और वॉटर कैनन का भी प्रयोग करना पड़ा था।

## आज का राशिफल 31-12-2022

मेष : साम से लग्न में चंद्र है। समय अच्छा है। धन का आगमन होगा पर यात्रा में सावधानी रखें,नुकसान हो सकता है। वाद विवाद से प्रतिष्ठा में कमी आयेगी। जोखिम-जमानत के कार्य न करें। खर्चों में अधिक बढ़ोतरी न करें।

वृष : कोई धार्मिक या सामाजिक खर्च होगा पर आय के भी मार्ग मिलेंगें। साथ ही विरोधी हार मानेंगे। राजकीय कार्यो में गति आएगी। संतान की तरक्की से मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन : कही घूमने के लिए शाम का समय ठीक है। पर जल्द बाजी में लिए हुए निर्णय ठीक नहीं होंगे, सोच-समझकर निर्णय लें। सुख के साधनों की चिंता हो सकती है। धन लाभ होगा।

कर्क : समय बहुत ही अनुकूल है। कोई बड़ा कार्य हो सकता है। कर्म और भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा। पराक्रम से वृद्धि होगी। विद्यार्थी वर्ग अल्प प्रयास से सफलता मिलेगी। निवेशादि से लाभ होगा। मन मे खुशी रहेगी।

सिंह : धर्म कर्म में मन लगेगा। भाग्य के बल से कार्य होगा। कोशिश करने से कार्य बनेंगे। परिश्रम द्वारा सफलता मिलेगी। किसी वाद विवाद से बचने का प्रयास करें। व्यापार-व्यवसाय में अचानक लाभ के योग हैं।

कन्या : समय बहुत अनुकूल नही है। कोई कार्य या बोलने से पहले सोच समझ लें। खर्च बढ़ सकता है। पराक्रम वृद्धि होगी। निवेश करने के लिए समय सही है। रोजगार प्राप्ति हो सकती है।

तुला : चोट मोच से बचें। जीवनसाथी के चलते प्रतिष्ठा बढ़ेगी।परिवार का सुख सहयोग मिलेगा। निवेशादि से लाभ होगा। रोजगार प्राप्ति हो सकती है। बौद्धिक कार्य सफल होंगे।

वृश्चिक : समाय अनुकूल है पर रोग शत्रु से बचें। अचानक पर कार्य बनने के योग उपस्थित होंगे। यात्रा शुभ होगी। निवेशादि लाभदायक रहेंगे, व्यापार अच्छा चलेगा।

धनु : शिक्षा में सुधार होगा पर ज्यादा आत्मविश्वास घातक है। व्यय बढ़ने से क्लेश हो सकता है।निर्णय सोच समझ कर लें, जोखिम न लें। प्रतिष्ठित व्यक्ति से भेंट हो सकती है।


मकर : समय अनुकूल नहीं है। किसी बात पर विरोध हो सकता है। पर, रुका हुआ धन प्रयास करने पर वापस आएगा। यात्रा शुभ रहेगी। निवेशादि से लाभ होगा।

कुंभ : अधिक उत्साह भी हांनी देता है। कार्य मे बाधा हो ऐसा कोई कार्य नही करें। राजकीय कार्यो की रुकावटें दूर होंगी। निवेशादि से लाभ होगा।नोकरी इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी।

मीन : धर्म अध्यात्म के प्रति खर्च होगा। बिगड़ते कार्य बनने लगेंगे। निवेशादि लाभ देगें। कार्य व्यवसाय ठीक चलेगा। वाहन का प्रयोग सावधानी से करें। गुरु मंत्र का ध्यान करें।

# नववर्ष 2023 के स्वागत को रांची तैयार

## सज गये होटल और क्लब, अक्षरा व अल्ताफ राजा के साथ डीजे की धुन पर रातभर झूमेंगे लोग


अक्षरा सिंह।

### भोजपुरी अदाकारा अक्षरा सिंह लगायेंगी नये साल के जश्न में चार चांद

**रांची** के कांके रिसॉर्ट में 31 दिसंबर की रात अक्षरा सिंह की शानदार प्रस्तुति होगी। भोजपुरी सुपर स्टार अक्षरा सिंह और गायक अल्ताफ राजा एक साथ होंगे। इसके साथ ही अरिंदम चक्रवर्ती लाइव परफॉर्मेंस देंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कपल इंट्री चार्ज 4 हजार रुपये, फीमेल स्टैग चार्ज 2 हजार रुपये है।


अल्ताफ राजा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** न्यू ईयर 2023 के स्वागत के लिए राजधानी रांची सहित पूरा झारखंड सजधज कर तैयार है। होटल और क्लब में तैयारियां की गई हैं, जहां डीजे की धुन पर 31 दिसंबर की देर रात तक लोग झूमेंगे।

नये साल के जश्न की तैयारी जोरों पर है। होटल से लेकर क्लबों को खास तौर पर सजाया गया है। जहां डीजे के धुन पर न्यू ईयर सेलिब्रेशन देर रात तक चलेगा। नये साल 2023 को यादगार बनाने के लिए की गई। इस तैयारी में होटलों में तैयार स्पेशल डिसेज चार चांद लगाएगा। इसके अलावा मनोरंजन के भी खास प्रबंध किये गए हैं। जहां लाउड म्यूजिक और डीजे की धून पर आपको झुमने के लिए मजबूर कर देगा

रांची के ग्रीका में डीजे के धुन पर आपको नचाने की पूरी तैयारी है। नयी दिल्ली से अहसास बैंड रांची आ रहा है और कोलकाता से डीजे स्नेहा भी रांचीवासियों के इस जश्न को खास बनाएगी। इसके लिए जेंट्स स्टैग इंट्री चार्ज 4 हजार, फीमेल स्टैग 3 हजार, कपल चार्ज 6 हजार 500 रुपये हैं। यहां रात आठ बजे कार्यक्रम शुरू होगा। इसके अलावा लोग मोरहाबादी स्थित पार्क प्राइम में लाइव म्यूजिक का आनंद ले सकेंगे। साथ ही नये साल के जश्न के साथ शानदार भोजन जिसमें मल्टी कुजीन बुफे के साथ होगी। यहां जेन्स इंट्री 999, बच्चों के लिए 549 रुपये इंट्री चार्ज है। इसके अतिरिक्त टैक्स लगेगा।

रांची के जिमखाना क्लब में नये साल को और शानदार बनाने की तैयारी लंबे समय से चल रही है। शानदार सजावट के साथ शानदार म्यूजिक। नये साल की शुरूआत डीजे सुकेतू के साथ कर सकेंगे, यहां सेलिब्रेशन रात आठ बजे शुरू होगा, लजीज व्यंजन की भी व्यवस्था रहेगी। जिमखाना क्लब में सदस्यों की इंट्री है।

होटल ली लैक में भी नये साल के जश्न को शानदार बनाने की तैयारी है। नये साल का स्वागत थ्रीलिंग डीजे और बैंड के परफॉरमेंस के साथ होगा। यहां कपल इंट्री का शुल्क 6 हजार 999 रुपये है। फैमिली के साथ स्टैग इंट्री 4 हजार, किड्स इंट्री फीस 2 हजार 500 रुपए रखी गयी है।

होटल रेडिशन ब्लू जश्न में ग्रैंड बॉल रूम में ड्रामेबाज बैंड के साथ जश्न का खुमार चढ़ेगा। डांस फ्लोर के साथ-साथ अनलिमिटेड प्रीमियम बेवरेजेज और लैविश बफे रहेगा। लोग वाटर फ्रंट में गाला डिनर का आनंद ले सकते हैं। सैक्सोफोन, फ्लूट आर्टिस्ट, बेली डांस का भी आयोजन होगा। इसके अलावा यहां लाइव इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक की व्यवस्था की गयी है। सेलिब्रेशन रात आठ बजे प्रारंभ होगा। यहां स्टैग चार्ज 6 हजार 499, कपल चार्ज 12 हजार 999 रुपये, पांच से 14 साल के बच्चों के लिए 3 हजार 250 रुपये निर्धारित है।

इसके साथ ही स्काई स्कैप बार एंड लाउंज में नये साल के जश्न में शामिल हो सकते हैं। यहां डीजे शो, ओपन डांस फ्लोर, म्यूजिक होगा। यहां कपल इंट्री 6 हजार, मेल स्टैग 4 हजार, फीमेल स्टैग 3 हजार रुपये है। अनलिमिटेड वेज और नॉन वेज फूड का मजा भी लोग यहां ले सकते हैं।

इसी तरह होटल बीएनआर चाणक्य में भी न्यू ईयर सेलेब्रेशन की तैयारी है। जिसमें डीजे के साथ स्पेशल डिसेज की व्यवस्था है। यहां आतिशबाजी का भी आनंद ले सकते हैं। होटल प्रबंधक के अनुसार न्यू ईयर सेलेब्रेशन में फिक्स चार्ज वयस्क के लिए 1 हजार 800 और बच्चों के लिए 1 हजार 200 रुपए निर्धारित की गई है। वहीं कैपिटल रेंजिडेंसी में अन्य वर्षों की तरह इस बार भी न्यू ईयर सेलिब्रेशन की तैयारी है। 31 दिसंबर की रात 8:00 बजे से यहां कार्यक्रम शुरू होगा। जिसमें कपल के लिए 6 हजार रुपया इंट्री चार्ज रखा गया है। यहां डीजे के साथ स्पेशल डीसेज की व्यवस्था है, जिसमें 40 कपल ही भाग ले सकेंगे। इसके अलावा होटल के रेस्टोरेंट में 1 हजार 500 रुपये में न्यू ईयर के मौके पर स्पेशल डीनर का इंतजाम किया गया है।

## कोरोना से घबरायें नहीं बरतें सावधानी, डॉक्टर की सलाह पर दवा दें : डॉ वर्मा



**रांची।** राजधानी के भीड़भाड़ वाले इलाके अपर बाजार में बीते दिनों कोरोना वायरस मरीज मिलने के बाद लोगों में भय का वातावरण फैल गया। इस बीच बिरसा विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उमाशंकर वर्मा ने लोगों को परामर्श देते हुए कहा कि ऐसे समय में घबराने की बजाय सतर्कता बरतनी चाहिए। कोविड-19 से डरना नहीं है उससे लड़ना है। उन्होंने कहा कि अपर बाजार के एक 45 वर्षीय व्यवसायी बंधु को पिछले 20 दिनों से सर्दी खांसी जुकाम बुखार सांस लेने में दिक्कत सहित अन्य समस्याएं थी। उन्होंने कई जगह चिकित्सकों से दिखाकर दवा ली, लेकिन कोई फायदा नहीं होने पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी उमाशंकर बर्मा के निजी क्लीनिक में आकर परामर्श लिया। बता दें कि डॉक्टर वर्मा ने युवी 66 संजीवनी गोल्ड ड्रॉप का निर्माण ऐसे समय में किया था जब लोगों ने भय और अनिश्चितता का वातावरण था।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर राज्यपाल व सीएम ने जताया दुख


हीरा बा (फाइल फोटो)।

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा के निधन पर झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की माता के निधन का समाचार सुनकर उन्हें दुख हुआ। देश को यशस्वी नेतृत्व देने वाले एक तपस्वी व कर्मयोगी की मां हीरा बा सदैव स्मरण की जायेंगी। दुख की इस घड़ी में प्रधानमंत्री एवं उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री की माता के निधन का समाचार सुनकर बहुत दुख हुआ। माता-पिता का निधन किसी के लिए भी अपूरणीय क्षति है। मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उनकी दिवंगत आत्मा को शांति मिले।

### भाजपा ने जताया शोक

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीरा बा के आकस्मिक निधन पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीरा बा के निधन की खबर अत्यंत दु:खद है, मन बहुत व्यथित है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें और प्रधानमंत्री जी एवं उनके परिवार को यह असहनीय पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करें। विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इतिहास में दो मां का नाम सदैव आदर से लिया जाएगा। पहला, मां जीजाबाई का, जिन्होंने वीर शिवाजी को हिंदवी स्वराज की स्थापना के लिए प्रेरित किया और दूसरी मां हीरा बा मोदी का, जिनकी प्रेरणा से महान सपूत नरेंद्र भाई मोदी ने भारत में हिंद साम्राज्य को पुनर्स्थापित किया। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मां हीरा बा की शिक्षा की देन है कि भारत को नरेंद्र मोदी जैसा मेहनती, कर्मठ, ईमानदार और यशस्वी प्रधानमंत्री मिला। माता जी के निधन की खबर से मर्माहत हूं। शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय आदि शामिल हैं।

### सुदेश महतो ने जताया दुख

**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पूज्य माताजी हीरा बा के निधन की सूचना अत्यंत दु:खद है। मैं दिवंगत माताजी के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शोक व्यक्त किया

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मां का जाना जीवन से मुख्य आधार स्तंभ के ढह जाने जैसा होता है। इस दुख की घड़ी में पूरे परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

### राजद युवा मोर्चा ने व्यक्त की शोक संवेदना

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा के निधन पर झारखंड युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि किसी के जीवन से मां का जाना जीवन से मुख्य आधार स्तंभ के ढह जाने जैसा होता है। प्रदेश प्रवक्ता मंतोष यादव ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरे परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

## विहिप सेवा विभाग ने हीरा बा के निधन पर शोक जताया

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल, राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, पवित्रम गोसेवा परिवार के प्रांतीय संयोजक अजय भरतिया एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री के माताजी का गोलोक गमन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। उक्त जानकारी संजय सर्राफ ने दी।

**मूलवासी सदान मोर्चा ने जताया शोक**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीरा बा के निधन पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने शोक व्यक्त किया है। प्रसाद ने कहा कि दिवंगत आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें। प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मां से बेहद प्यार करते थे। उनका यह आदर भाव अपने देश भारत समेत दुनिया के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

## प्रणामी ट्रस्ट ने 151 जोड़ों के आदर्श सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एम. आर.एस.श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के सयुंक्त तत्वावधान मे संस्था के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से 8 जनवरी 2023 रविवार को संस्था के पुंदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्ण मंदिर के प्रांगण मे 151 जोड़ो के आदर्श सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आदर्श सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर शुक्रवार को संस्था के विधा देवी अग्रवाल शिवगंज स्थित सत्संग भवन मे संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें इस विवाह को लेकर श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा गांव-गांव घूम-घूमकर जरुरतमंद परिवार के सदस्यों का पंजीकरण किए जाने की चर्चा की गयी।

यह भी बताया गया कि संस्था द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह की घोषणा के बाद आज 117 जोडों का रजिस्ट्रेशन कार्य संपन्न हुआ। संस्था के सदस्यो एव पदाधिकारियों के द्वारा भरकर आए 148 रजिस्ट्रेशन फार्म की जांच हुई. जिसमे 117 रजिस्ट्रेशन फार्म सही पाये गये।

जानकारी के अनुसार इस सामूहिक विवाह में 151 जोड़ो के आदर्श सामुहिक विवाह का पूरा खर्च का खर्च प्रणामी ट्रस्ट , स्वामी सदानंद जी महाराज के शिष्यों समाज के धर्म प्रेमियों एवं विभिन्न समाज के लोगो के द्वारा उठाया जायेगा। संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने यह जानकारी दी।

## श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी का श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में हुआ आगमन

**रांची।** धनुर्मास श्रीगोदा व्रत के मध्य पड़ने वाली शुक्लपक्ष की एकादशी को वैकुंठ एकादशी के नाम से जाना जाता है । इस अवसर पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में बड़े ही धूमधाम से वैकुंठोत्सव मनाया जायेगा। इस वैकुंठोत्सव में 31 दिसंबर 2022 शनिवार से 2 जनवरी 2023 सोमवार तक तीन दिनी श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना का आयोजन किया गया है। यह अर्चना तीनों दिन चार -चार पाली में होगी। इस अनुष्ठान में शामिल होने के लिए यजमान दो सप्ताह पहले से बुकिंग करवा रहे हैं और बुकिंग अभी चालू है। इसी के निमित्त श्रीस्वामी अनिरूद्धाचार्य जी महाराज रांची पधारे हैं। श्रीवैकुंठोत्सव में शामिल होने श्रीधाम वृंदावन से जगद्गुरु रामानुजाचार्य जी महाराज रांची पधार चुके हैं । पांच दिनों के प्रवास पर पधारे हैं श्रीस्वामी जी । महाराजश्री के सानिध्य में होगा श्रीवैकुण्ठ महोत्सव 31 दिसंबर 2022 शनिवार से 4 जनवरी 2023 बुधवार तक श्रीस्वामी श्रीभगवानदास सत्संग हॉल में होगा।

## नामकुम के उलातु गांव में बैंक ऑफ इंडिया की नयी शाखा का उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया के रांची अंचल की 109वीं शाखा का भव्य उद्घाटन नामकुम के उलातु गांव में शुक्रवार को मनोज कुमार, प्रमुख, राष्ट्रीय बैंकिग समूह-झारखंड, बैंक ऑफ इंडिया ने किया। मौके पर मनोज कुमार ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया झारखंड राज्य का अग्रणी बैंक है और आज रांची अंचल की 109वीं तथा झारखंड राज्य की 487वीं शाखा का उद्घाटन किया गया है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा आमजन को दी जाने वाली योजनाएं बैंकों के माध्यम से ही लागू की जाती हैं। इसके अलावा, आम लोगों को वित्तीय सहायता देने, रोजगार सृजन और स्वावलंबी बनाने में बैंक की शाखा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमें प्रसन्नता है कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और बैंक ऑफ इंडिया प्रधान कार्यालय के सहयोग से नामकुम के उलातु में शाखा खोलने में हम सफल हो पाये। उन्होंने जोर देकर कहा कि बैंक ऑफ इंडिया राज्य के हर क्षेत्र विशेष की क्षमता को ध्यान में रखकर बैंक के ऋण उत्पाद तैयार रहा है, ताकि हर क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध संसाधन के आधार पर विभिन्न बैंक उत्पादों के माध्यम से लाभ मिल सके। उन्होंने गांव के लोगों से अपील की कि इसका भरपूर लाभ उठायें। मौके पर खिजरी के विधायक राजेश कच्छप, क्षेत्र के मुखिया रंजीत लकड़ा, जिप सदस्य विपिन टोप्पो, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के उप महाप्रबंधक सुबोध कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के रांची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजय कुमार खेमका आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### मछली घर में कार्निवाल : 'आजा मेरे रिक्शे में बैठ जा' थीम पर युवतियों ने खूब सेल्फी ली



**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में कार्निवाल के चौथे दिन भी प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों की धूम रही। देर शाम को सांसद संजय सेठ की उपस्थिति में रांची वासियों ने कैंडल जलाकर प्रधानमंत्री की माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सांसद श्री सेठ ने कहा कि इतनी बड़ी व्यक्तिगत क्षति के बाद भी प्रधानमंत्री का आह्वान है कि इस देश का काम नहीं रुके। यह उनके कर्म योगी होने को साफ दिखाता है। उन्होंने कार्निवल की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि मछली घर अपने आप में एक ब्रांड है। मौके पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, डॉक्टर विद्या झा शाहदेव,सत्यप्रकाश चंदेल, सुभोजित, बिघू, गौरव अग्रवाल,रवि सिंह, लोकेश आदि उपस्थित थे। शुक्रवार को सेल्फी कंपटीशन का थीम था-आजा मेरे रिक्शे में बैठ जा। युवतियों ने रिक्शे में बैठकर पोज मार-मार कर सेल्फी लिया। गोरे-गोरे मुखड़े पर काला-काला चश्मा में भी महिलाओं ने रैंप पर गॉगल्स पहनकर कैटवॉक किया। महापेटू कंपटीशन के अंतर्गत कम समय में चिप्स की चुनौती थी। 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### कंचन सेवा संस्थान ने संजय सर्राफ को किया सम्मानित




**रांची।** स्थानीय मारवाड़ी भवन में आयोजित एक समारोह में कंचन सेवा संस्थान उदयपुर (राजस्थान) द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ को सामाजिक एवं मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं कुशल कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कंचन सेवा संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर छैल बिहारी शर्मा ने संजय सर्राफ को अंग वस्त्र ओढ़ाकर, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया?। डॉ शर्मा ने संजय सर्राफ के समाजिक कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि मारवाड़ी भवन में आयोजित तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर मे भी संजय सर्राफ ने प्रचार-प्रसार एवं मीडिया के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य कर बड़ी संख्या में मरीजों को शिविर में लाने का कार्य किया। तथा वे अन्य सभी समाजिक संस्थाओं मे भी सराहनीय कार्य कर रहे है।

### सभी गिरजाघरों में वर्षांत धन्यवादी आराधना आज

**रांची।** समय के साथ बढ़ते हुए वर्ष 2022 हम सबों को बाई कहने वाला है। इसी क्रम में 31 दिसंबर को जहां लोग अपने अपने तरीकों से नये साल के स्वागत की तैयारी में लगे हुए हैं। वहीं कई लोगों का समूह वर्ष् 2022 के जाते हुए लम्हों को रंगारंग पार्टी और नाच गानों के साथ मनाने की पूरी तैयारियां कर ली है। वहीं हर साल की भांति इस वर्ष भी मसीही समुदाय के विश्वासी अपने अपने गिरजाघरों, मुहल्लों और अपने आवासों में वर्षान्त की आराधना कर पूरे साल भर के उपकारों के लिए ईश्वर का धन्यवाद करेंगी साथ ही उनसे मिन्नतें करेंगे कि आने वाला नया साल 2023 सबके लिए बेहतर स्वास्थ्य, खुशहाली और सफलताएं लेकर आए। नॉर्थ वेस्टर्न गोस्सनर एवंजेलिकल लूथेरन चर्च (एनडब्ल्यूजीईएल) के लूथेरन विश्वासी इस मौके पर मेन रोड स्थित क्राइस्ट चर्च में 31 दिसंबर को संध्.ा 7:00 बजे पवित्र प्रभुभोज के साथ वर्षान्त की धन्यवादी आराधना चढ़ाएंगे। जिसमें आराधना का संचालन रेव्ह जय दीपक टोप्पो होंगे। जबकि उपदेशक बिशप निस्तार कुजूर होंगे और उनके साथ बतौर सहायक रेव्ह यीशु नासरी मिंज तथा रेव्ह सलमोन एक्का होंगे। वहीं जीईएल चर्च के लूथेरन विश्वासी इसी क्राइस्ट चर्च में वर्ष 2022 के अंतिम दिन का पवित्र प्रभुभोज अपराहन 4:00 बजे चढाएंगे। जिसमे आराधना का संचालन रेव्ह अनुप जोली भेंगरा वे रेव्ह एन गुड़िया के द्वारा संयुक्त रुप से किया जाएगा। इस आराधना में उपदेशक बिशप सीमांत एस तिर्की होंगे। उनके साथ रेव्ह ममता बिलुंग भी होंगी। धन्यवाद की औपचारिकात बिशप एस तिर्की के द्वारा ही किया जाएगा। इसके अलावा साल के अंतिम दिन मध्य रात्रि आराधना 11 बजे होगी जिसमें आराधना के संचालव व उपदेशक रेव्ह बी तोपनों होंगे।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार भी देता है : प्रो. सिन्हा

## विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, सम्मानित हुए प्रतियोगिता परीक्षा में उम्दा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता को भावभीनी श्रद्धांजलि देकर 2 मिनट का मौन धारण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रो. राकेश सिन्हा थे। अतिथियों का स्वागत पौधे देकर एवं शॉल भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. राकेश सिन्हा ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रमों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं नैतिक शिक्षा का वातावरण भी प्रदान करता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. राकेश सिन्हा, विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता, सेक्रेटरी किरण मेहता, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सीमा मेहता, प्राचार्य राज किशोर शर्मा एवं जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नागपुरी गाने, अंग्रेजी एवं हिंदी के स्वागत गान के साथ हुआ। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इनमें बच्चों के नृत्य, नाटक, सपनों की उड़ान, सात शहीद, टिक टिक प्लास्टिक, सेव वाटर, लाइटिंग ऑफ इंटेंट-डांस, कलर्स ऑफ लाइफ, बायोपिक - स्टॉप नॉट टिल द गोल इज रिच्ड, जी-20 जैसे अनेक आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर विद्यालय के जेईई मेंस नीट तथा अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में उम्दा प्रदर्शन करने वाले अनेक विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सीमा मेहता ने स्वागत भाषण में कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल किसी भी परिस्थिति में बच्चों के स्वर्णिम विकास के लिए कृत संकल्पित है। विद्यालय के प्राचार्य राज किशोर शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए स्कूल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि यह विद्यालय केवल पढ़ाई के क्षेत्र में ही नहीं, अपितु खेल, मनोरंजन, शारीरिक शिक्षा, योग जैसे अन्य गतिविधियों में भी परचम लहरा रहा है।

विद्यालय के सेक्रेटरी किरण मेहता ने सभी छात्र-छात्राओं, अतिथियों तथा अभिभावकों को नये साल की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसबीपी मेहता ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज विद्यालय के लिए अत्यंत ही शुभ घड़ी है, जो मुख्य अतिथि के रूप में हमारे बीच विभिन्न विषयों एवं क्षेत्रों का ज्ञान रखने वाले प्रखर वक्ता, प्रसिद्ध लेखक एवं यशस्वी चिंतक उपस्थित हैं। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार के साथ विभिन्न विद्यालयों के निदेशक, प्राचार्य, अभिभावकगण ने कार्यक्रम का आनंद उठाया।

## विनम्र भाव के साथ व्यवहार को स्वस्थ और उन्नत बनायें : मुनिश्री डॉ ज्ञानेंद्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ संघ के आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री डॉ.ज्ञानेंद्र कुमार , मुनिश्री विमलेश कुमार, मुनिश्री पदम कुमार तथा मुनिश्री सुबोध कुमार का हरमू के दिगम्बर जैन प्रवास चल रहा है। इस मौके पर आज सुबह 9:00 बजे से शुरु प्रवचन में मुनिश्री डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि जैन धर्म विनय मूलधर्म को मानता है, जहां अहंकार का कोई स्थान नही है। जहां अहम होता है वहाँ हमेशा टकराव की स्थिति बनी रहती है । साथ ही अहं जहां रहता है वहाँ विकास का मार्ग अवरुद्ध तथा पतन का मार्ग प्रारब्ध हो जाता है। भगवान महावीर ने कहा है कि अभिमानी व्यक्ति ही क्रोध करता है। जो क्रोध करता है वह अपमानित होता है क्योंकि अभिमान विनम्रता का नाश करता है। इसलिए जब हम अहं को छोड़कर आगे बढ़ेंगे तभी अर्हम बन पाएंगे। अर्हम ओर अहम में सिर्फ आधे आर का फर्क है , अहम आत्मपतन यथा अर्हम आत्म उन्नति का मार्ग भगवान महावीर ने बताया है। भगवान की वाणी को स्वीकार कर उनके बनाये गए आदर्शों पर चलकर ही अर्हता प्रदान कर सकते है। यानी हम अर्हम अर्हन्त प्रभु परमात्मा पद को प्राप्त कर सकते है।

## स्पीड न्यूज

### शिक्षा और जागरूकता से ही समाज का होगा विकास : राजमनी उरांव



भंडरा । लाल बहादुर शास्त्री खेल मैदान में शुक्रवार को केंद्रीय राजी पड़हा आदिवासी सुरक्षा दल के तत्वावधान में आदिवासी सरना धर्म पड़हा महासम्मेलन हुआ। कार्यक्रम मे अरको,खिजरी, भुजनीया, पंडरिया,उदरंगी,बुड़का, भैसमुंदो, उड़ूमुड़ु, मकुंदा, कसपुर सहित लोहरदगा-गुमला, रांची जिले के आदिवासी समुदाय के लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि भंडरा जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव, विशिष्ट अतिथि सुशील केरकेटा सहित सभी अतिथियों का स्वागत ग्रामीण महिलाओं ने आदिवासी रीति-रिवाज के साथ किया। जिप सदस्य राजमनी उरांव ने कहा कि सरना धर्म महासम्मेलन का उद्देश्य आदिवासी समाज के लोगों को एक सूत्र में बांधना है। ताकि समाज में मजबूती आ सके। समाज के विकास के लिए हर एक व्यक्ति को जागरूक होना होगा। तभी समाज का विकास संभव है। आज समाज में अशिक्षा और कुरीतियों की वजह से समाज पिछड़ता जा रहा है। हम सभी को मिलकर समाज को नई दिशा देनी होगी। सबसे पहले हमें शिक्षा और जागरूकता पर बल देना होगा।

### क्रिकेट प्रशिक्षण पर कार्यशाला

भंडरा । खेल मैदान में शुक्रवार को प्रखंड प्रशासन की ओर से युवाओं का क्रिकेट प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा ने क्रिकेट गेंद फेक कर किया। बीडीओ ने कहा कि जिला प्रशासन के तरफ से विभिन्न खेल के लिए प्रशिक्षक नियुक्त किया है। प्रशिक्षण के माध्यम से खिलाड़ियों को खेल के नियम के साथ अभ्यास कराया जायेगा। इससे खिलाड़ियों को विशेष रूप से आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस मौके पर मुखिया परमेश्वर महली, पंचायत सचिव रऊफ अंसारी, प्रशिक्षक अमित कुमार एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

### केसीसी में कोताही बर्दाश्त नहीं : बीडीओ



सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में बैंकर्स समिति का बैठक हुई। बैठक में केसीसी ऋण, मनरेगा सम्बन्धित भुगतान, छात्र छात्राओं का छात्रवृति, अटल पेंशन योजना,वृद्धा विधवा पेंशन के विषय पर चर्चा किया गया। बीडीओ अशोक चोपड़ा ने बैंक प्रबंधकों को कहा कि केसीसी ऋण स्वकृति का आंकड़ा का मांग की। साथ ही मनरेगा मजदूर का भुगतान एवं बच्चों का खाता खोलने को लेकर चर्चा की गई परंतु शाखा प्रबंधकों द्वारा केसीसी ऋण संबंधित आंकड़ा पेश नही करने पर बीडीओ ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा की किसान अवश्यकता पड़ने पर केसीसी ऋण का आवेदन देते है। जिसमें बैंक का दायित्व है की अधिकार को जानते हुए ऋण उपलब्ध कराने की बात कही गई।

### सेन्हा पुलिस ने की वाहन चेकिंग



सेन्हा-लोहरदगा। एंटी क्राइम अभियान के तहत सेन्हा थाना के समीप पुलिस द्वारा वाहन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के दौरान बाइक एवं कार का जाँच किया गया। वाहन जाँच अभियान पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को थाना प्रभारी के नेतृत्व में स0आ0नि0 राजेश शर्मा के द्वारा पुलिस बल के सहयोग से वाहन जाँच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान ट्रिपल बाइक सवार को कड़ी फटकार लगाते हुए हेलमेट पहन कर बाइक में चलाने का निर्देश दिया गया। वही बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने के क्रम में दो बाइक को जप्त किया गया। साथ ही वाहन का डिक्की और बैग तथा थैला खुलवा कर आपत्तिजनक सामान का जाँच किया गया। वाहन जांच में लगभग 60 बाइक एवं 30 चार पहिया वाहनों का कागजात का जाँच बारीकी से किया गया। जाँच के उपरान्त थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आपराधिक एवं आपत्तिजनक सामान पर विशेष नजर रखी जा रही है। साथ ही अभी लगातार वाहनों का जाँच किया जायेगा। वही बाइक चालकों को ट्रिपल नही चलने के लिये निर्देश दिया।

### 15 लाभुकों पर होगा सर्टिफिकेट केस

भंडरा । प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के 15 लाभुकों पर प्रमाण पत्र केस (सर्टिफिकेट केस) दर्ज कराने की तैयारी पुरी कर ली गई है। सभी 15 लाभुकों पर आगामी 5 जनवरी को केस दर्ज कराया जायेगा ।दरअसल इनलोगों ने योजना के तहत पूरे पैसे ले लिये, लेकिन अब तक आवास निर्माण का काम पूरा नहीं करवाया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन के कई नोटिसों के बावजूद जब इन्होंने मकान पूरा नहीं करवाया, तो अब बीडीओ ने इन छह लोगों पर प्रमाण पत्र केस (सर्टिफिकेट केस) दर्ज कराने की तैयारी हो चुकी है । इस संबंध में बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इन लोगों को छ से चार वर्ष पूर्व ही पीएम आवास योजना के तहत आवास निर्माण करने के लिए राशि मिली थी, लेकिन अब तक इनका मकान पूरा नहीं हुआ है।

### भौरों में 17 जनवरी को विकास मेला

भंडरा । अट्ठारह सौ सत्तावन के विद्रोह के नायक अमर शहीद पांडे गणपत राय की 214 वी जयंती समारोह सह विकास मेला का आयोजन 17 जनवरी को स्मारक का स्थल भौरों में किया जाएगा। समारोह सह विकास मेला के आयोजन के लिए स्मारक समिति की एक बैठक शुक्रवार को स्मारक स्थल पर हुई। बैठक की अध्यक्षता राजेश कुमार लाल ने किया ।बैठक में पांडेय गणपत राय की जयंती समारोह के आयोजन की तैयारी की चर्चा की गई ।इस मौके पर विकास मेला के आयोजन हेतु जिला के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया ।मौके पर स्मारक समिति के सदस्यों के द्वारा पांडे गणपत राय की जयंती समारोह विकास मेला का आयोजन के लिए उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें जयंती समारोह के अवसर पर विकास मेला का आयोजन करने की मांग की गई। मौके पर बंदना राय, दुखहरण साहू,किशोरी मोहन शर्मा, गणेश लाल, संजय खत्री ,कुलदीप उरांव, शिव शंकर साहू, परमानंद प्रजापति ,धनेश्वर साहू, तुलसी ठाकुर, कमल यादव ,शहादत अंसारी ,अरविंद रोशन, संतोष साहू, जगत प्रजापति सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जैविक खेती को बढ़ावा दे रहे हैं प्रधानमंत्री : भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ सांसद एग्री स्मार्ट विलेज कोटेंगसेरा में कृषि मेला

गुमला। गुमला प्रखंड के मुरकुंडा पंचायत के कोटेंगसेरा गाँव में प्रदान व कोटेंगसेरा विकास समिति के तत्वधान में सांसद एग्री स्मार्ट विलेज में एक दिवसीय जैविक कृषि मेला का आयोजन किया गयाक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुदर्शन भगत व जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी शामिल हुई। संसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देश में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं। इसी के तहत कोटेंगसेरा गांव को सांसद एग्री स्मार्ट विलेज के रूप में चयनित किया गया। इससे जैविक खेती को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि आप लोगो ने बेहतरीन प्रयास किया आप लोगों की जो भी समस्या है उसे दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। सरकार की जो भी योजना है उसे प्रथमिकता के तौर पर इस क्षेत्र के किसान को मिले यह सुनिश्चित करूंगा। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि जैविक पद्धति अपना कर की जाने वाली खेती हमारे शतत विकास में सहायक साबित होगी । साथ ही उन्होंने भूमि संरक्षण के अंतर्गत तालाब, कुंआ, ट्रेंच आदि के निमार्ण से गांव में पानी के समस्या के निदान का भी जिक्र किया। उद्यान पदाधिकारी नेहा निश्चल ने गांव से मिले प्यार और सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए गांव वालो को जैविक कृषि करने के लिए सराहा और उन्हें प्रोत्साहित किया। मेले में जैविक खाद एवं दावा, जैविक विधि से उगाये हुए सब्जी, आत्मा, कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा स्टाल लगाया गया। इस कार्यक्रम में गाँव के तीन किसान सुनीता देवी, शांति देवी सुरज्मानी देवी को पुरस्कृत किया गया। जिसने जैविक विधि से खेती करते हुए 2 फसल में क्रमशः 20000-30000 रुपए आमदनी किया। इस अवसर पर जिला परिसद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ,सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी, मुखिया वीणा कुमारी , पंचायत समिति सदस्य फकीर चंद भगत, जिला कृषि विकास पदाधिकारी अशोकसिन्हा,जिला उद्यान विकास पदाधिकारी नेहा निश्चल, राज्य कृषि इकाई से सुजीत दास, प्रदान से अजय, सुरभि आदि उपस्थित थे।



मेला में लगे स्टॉल का निरीक्षण करते सांसद और जिप उपाध्यक्ष।

# समाहरणालय संवर्ग में जल्द होगी नियुक्ति

लेमन ग्रास की खेती से किसान आर्थिक रूप से होंगे संपन्न : डीसी

गुमला जिले के रेडी प्रखंड में 450 किसानों ने की खेती

महिला पुस्तकालय बनेगा

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा किसमाहरणालय संवर्ग में नियुक्ति प्रक्रिया आरंभ करने के लिए राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से अधियाचना की गई। जिसके तहत लिपिक, राजस्व उपनिरीक्षक, अनुसेवक जिप चालक व अमीन के पद पर बहाली प्रक्रिया आरंभ की जाएगी । जिसके लिए रोस्टर की स्वीकृति भी सक्षम स्तर से प्राप्त कर ली गई है।

डीसी जिला जनसंपर्क कार्यालय विभाग के सभागार में मासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जिले में पुस्तकालय क्रांति की नींव रखी गई है। जिसके तहत एक वृहत पुस्तकालय का निर्माण किया जा रहा है जो 15 फरवरी तक क्रियान्वित किया जाएगा। इसके अलावा महिला पुस्तकालय का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। वही जिले के जा रीवा चैनपुर प्रखंड में भी लाइब्रेरी का निर्माण जल्द शुरू होगा। उपायुक्त ने कहा कि सीआईडी प्रखंड में 450 किसानों ने लेमन ग्रास की खेती की है। लेमन ग्रास की खेती किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगी और वह उन्नति के मार्ग की ओर आगे बढ़ेंगे। लेमन ग्रास को लेकर का सिर में प्रोसेसिंग प्लांट भी लगाया गया। इसके अलावा रागी मडुवा की खेती जिले में रिकॉर्ड हुआ। उपायुक्त ने कहा कि गुमला जिला पूरी तरह खेल नगरी के रूप में स्थापित हो गई है। सुब्रतो मुखर्जी कप में जिले के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बने। वही खेल के क्षेत्र में कई उपलब्धि जिले में हासिल किए। जिले के कई स्थानों पर खेल स्टेडियम का निर्माण भी किया जा रहा है। वहीं जिले में उग्रवादी हिंसा के तहत आश्रितों को नौकरी प्रदान की गई है। इसके अलावा मत्स्य, पशुपालन, श्रम एवं निबंधन के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य किया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीओ रवि जैन, डीपीआरओ संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री सारथी जागरूकता रथ को डीसी ने किया रवाना

गुमला। मुख्यमंत्री सारथी योजना के प्रचार प्रसार के तहत श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग गुमला द्वारा शुक्रवार को दो जागरूकता रथ रवाना किये गये। उपायुक्त सुशांत गौरव सहित अन्य पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। मौके पर उपस्थित उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत नागरिकों को उनके उनके पैरों पर खड़ा करने हेतु प्रयास किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि इस योजना के तहत सभी सेक्टरों में युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसमें गैर आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र तक आने-जाने के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से देने का प्रावधान है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद यदि तीन माह के अंदर सफल प्रशिक्षणार्थी का कहीं नियोजन नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में युवकों को प्रतिमाह एक हजार रुपये तथा युवतियों, दिव्यांगजनों को प्रतिमाह 1500 एक वर्ष तक के लिए डीबीटी के माध्यम से दिया जायेगा। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना में सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र एवं ईएक्ससीईएल सहित नयी योजना बीआईआरएसए समाहित है. इसके तहत युवाओं को हेल्थ, इलेक्ट्रोनिक्स, इलेक्ट्रिकल्स, अपैरल, आईटी, ब्यूटी एंड वेलनेस, ऑटोमोटिव, प्लंबिंग, कंस्ट्रक्शन सहित अन्य प्रमुख सेक्टरों में प्रशिक्षण की सुविधा है।

### जय श्रीराम सीमित पुनर्गठित

किस्को । अरेया गांव में जय श्रीराम समिति की बैठक हरिओम प्रजापति की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो,दयाशंकर सिंह जिला महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव,प्रदीप साहू, अनुज कुमार शामिल हुए। बैठक में संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुई । पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का विस्तार किया गया । संरक्षक हरिओम प्रजापति, तपेश्वर प्रजापति,संतोष साहू, सुबोध प्रजापति को बनाया गया ।वही अध्यक्ष जीवन प्रजापति, महामंत्री सुरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सिकंदर साहू,वीरेंद्र प्रजापति,सोनू प्रजापति,संगम प्रजापति,कोषाध्यक्ष ज्योतिष प्रजापति,संगठन मंत्री रवि साहू,राजेश प्रजापति,मनोज साहू,विकास प्रजापति,राकेश कुमार, सुनील प्रजापति, नीरज महतो,पवन प्रजापति,अमन साहू,बादल महतो मीडिया प्रभारी निरंजन महतो को चुना गया।मौके पर विवेकानंदपाल सिंह, बाबूलाल साहू,प्रताप प्रजापति, खुदीराम प्रजापति,नागेंद्र महतो, विश्वनाथ महतो,बृजेश प्रजापति, छोटू साहू,विनय प्रजापति,प्रमोद महतो,अभिषेक कुमार,मुकेश कुमार,बंटी साहू,रवि शंकर प्रजापति,विमलेश कुमार,विशाल साहू,विशाल कुमार,राजकुमार प्रजापति,सुरेंद्र साहू समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे । जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह ने कहा जिस तरह संगठन के कार्यों से प्रभावित होकर संगठन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है बस इसी तरह एक दूसरे का सुख दुख में साथ रहे, समिति को कामयाबी मिलेगी।

# चैनपुर में बनेगा 50 बेड का अस्पताल : उपायुक्त



चैनपुर। चैनपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुक्रवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने औचक निरीक्षण किया । उपायुक्त ने कहा कि अनुमंडल मुख्यालय में निमार्णाधीन और प्रस्तावित 50 बेड हॉस्पिटल को लेकर जो स्थल चयन किया गया था। जिसका फिजिकल वेरिफिकेशन के बाद पता चला कि वह स्थान उतना उपयुक्त नहीं है । जिससे जनता को वह लाभ मिल सके अतः निर्णय लिया गया कि अभी जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है वहां बचे हुए क्षेत्र में ही 50 बेड का अस्पताल निर्माण किया जाएगा। क्योंकि जनता को भी पहले से पता है कि यहां अस्पताल है। जनता बिना किसी समस्या के उस सुविधा का लाभ ले सके। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी को देख नाराजगी जाहिर की। साथ ही भवनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चैनपुर थाना में विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए जिम व कैंटीन खोलने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी द्वारा थाना परिसर में कराए जा रहे सुंदरीकरण की सराहना की। वहीं उन्होंने प्रखंड कार्यालय के पास तालाब का सुंदरीकरण करने, पीसीसी सड़क बनाने का निर्देश दिया। प्रखंड कार्यालय परिसर में बन रहे इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रुप से अनुमंडल पदाधिकारी प्रीति किस्को,प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह,अंचल अधिकारी गौतम कुमार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मोदी की मां की निधन पर भाजपाइयों ने जताया शोक

लोहरदगा। जिला भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी हीराबेन मोदी के निधन पर शोकसभा का आयोजन नगर परिषद क्षेत्र स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। मौके पर उपस्थित होकर गणमान्य लोग व भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारीयों के द्वारा ईश्वर दिवगंत पुण्य आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना व श्रद्धांजलि अर्पित की गई व मौन रखा गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रांत संघचालक सच्चिदानंद अग्रवाल ने कहा कि आज पूरा भारत शोकाकुल है। मां मां होती है। मां के कर्मों का बखान करना किसी भी व्यक्ति के लिए सरल नहीं होता है। विशेष ऐसी मां जिन्होंने ऐसे पुत्र को जन्म दिया जिसके नेतृत्व में पूरा विश्व चलने की चाहत रखता हो। जिन्होंने जीवन के अंतिम क्षणों में भी पुत्र को कर्मों की प्रधानता शिक्षा आशीर्वाद के रूप में दे गई। ऐसे व्यक्तित्व की कहानियां हमें अपने भविष्य को जरूर बतानी चाहिए जिससे जीवन के विकट परिस्थितियों में कर्तव्यों का निर्वाहन का भावना साकारात्मक रूप से बनी रहे।

# सभी सीएससी सेंटर में रेट चार्ट जरूर लगायें : डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

आधार निगरानी समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय



लोहरदगा। उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक शुक्रवार को जिला परिषद भवन स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में प्रखंडों, बीआरसी, बैंक, डाकघर, कॉमन सर्विस सेंटर और सीडीपीओ कार्यालयों में चल रहे आधार सुविधा केंद्र के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई और निर्देश दिया गया कि सभी आधार सुविधा केंद्र की क्रियाशीलता सुनिश्चित करें। जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी को निर्देश दिया कि आधार संबंधी किसी भी काम का रेट चार्ट उक्त सीएससी सेंटर में अवश्य लगवाना सुनिश्चित करें। प्रज्ञा केंद्रों में आधार लिंक व आधार संबंधित अन्य कार्यों का प्रचार-प्रसार करायें।

18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति का आधार कार्ड बनाने से पूर्व उनका नागरिकता संबंधी सत्यापन अवश्य कर लिये जाने का निर्देश दिया गया। आधार सेवा केंद्र का उचित प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला में आधार सेवा केंद्र की आवश्यकता, जिला के नागरिकों का आधार संख्या निर्गत करना, आधार संख्या के साथ मोबाईल नंबर अपडेट करना, स्कूलों छात्र-छात्राओं अथवा 6-18 वर्ष के बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेशन, जन्म निबंधन के समय आधार लिंकिंग का कार्य, आधार से संबंधित धोखाधड़ी व अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सहायक प्रबधंक यूआईडीएआई हरबीर सिंह, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी देव प्रकाश विक्की और सीएससी जिला समन्वयक इरफान उपस्थित थे।

## एक नजर में

### गुमला में हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



गुमला। गुमला पुलिस ने हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। शुक्रवार को गुमला थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि सुरसुरिया गांव निवासी विनोद साहू अपने घर में हथियार रखे हुए। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा विनोद साहू के घर पर छापामारी की गई तो घर के छत के ऊपर पुआल में छिपा कर रखे एक पिस्तौल व दो जिंदा गोली बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापामारी टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुअनि अजय कुमार, पुअनि कुंदन कुमार शर्मा, सअनि बबलू बेसरा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पीएम की मां के निधन पर जताया शोक


गुमला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बेन की निधन पर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष सह कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि यह दिन पीएम के लिए तकलीफ भरा है। उनकी मां यानि की हमारी भी मां चुंकि दुनिया में मां से बड़ा कोई नहीं है। इसलिए अलग राजनीति दल होने के बावजूद इस निधन से निजी तौर पर वे दु:खी है और ईश्वर से प्रार्थना करते हुए है मोदी को इस दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें। शोक जताने वालों में हेमावती लकड़ा, बैजनाथ उरांव, कलावती देवी, हिमेश कुमार, रामनिवास प्रसाद व अमर कुजूर आदि है।

### घाघरा बीडीओ ने बच्चों को दिया स्वेटर



घाघरा। आंगनबाड़ी सेविका के बीच बच्चों का स्वेटर का वितरण बीडीओ विष्णु देव कच्छप सीडीपीओ अनुपमा मिंज ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से किया । इस क्रम में बीडीओ ने कहा कि सरकार के महत्वकांक्षी योजना के निमित्त आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्वेटर का वितरण किया गया है। ताकि बच्चों को ठंडे में राहत मिल सके ।सीडीपीओ अनुपमा मिंज ने बताया कि प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्र के आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच ठंड को देखते हुए सरकार के द्वारा दी गई बच्चो के स्वेटर का वितरण किया गया है ताकि वे अपने सेंटरों में पहुंच बच्चों को स्वेटर बाटे ताकि बच्चों को राहत मिल सके। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षिका राजलक्ष्मी लकड़ा, राजेश्वरी देवी, आंगनबाड़ी सेविका यशोदा देवी, वीणा देवी, प्रमिला लकड़ा,पंचमणिया देवी, नैमी देवी, इरमिना टोप्पो सहित कई सेविका उपस्थित थे।

### रायडीह में ग्रामीण को हाथी ने कुचला, मौत



रायडीह। कांसीर पंचायत के गोडीटोली में गुरुवार रात करीब 12 बजे हाथियों का झुंड ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। मृतक की पहचान 45 वर्षीय रामदयाल मुंडा पिता स्व मोहन मुंडा गोडीटोली निवासी के रूप में की गई । मिली जानकारी के अनुसार मृतक शाम को 6 बजे खाना खाकर अपनी बारी में किये गए खेती की रखवाली करने गया था। तभी हाथियों का झुंड सोपो की तरफ से खेती को खाते और रौंदते हुए रामदयाल के बाड़ी के पास पहुँचा तो रामदयाल हाथी को भगाने की कोशिश किया। लेकिन हाथियों का झुंड नही भागा और रामदयाल को कुचल मार डाला। मृतक लकवा से ग्रसित था। जिससे वह वहाँ से भाग नहीं पाया। घटना की जानकारी मिलने पर रायडीह पुलिस और वन विभाग की टीम घटनास्थल पहुंची और पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दी। वही वन विभाग मृतक के परिजन को अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपये राशि उसके भाई जगदेव मुंडा को दी। मौके पर मुखिया कांता एक्का, ए एस आई अशोक तिवारी, जसमुदिन अंसारी, वनपाल सम्मी आफताब, हेमराज उरांव, गजाधर सिंह, मनोहर राय, कर्मपाल सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### घाघरा में सरना प्रार्थना सभा आयोजित

घाघरा। हापामुनी छोटका टोली में एक दिवसीय सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विनती प्रार्थना व भजन का किया गया। पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने कहा हमारा धर्म का संरक्षण तभी होगा जब हम जल जंगल जमीन का संरक्षण करेंगे। क्योंकि हम आदिवासी प्राकृतिक की उपासना करते है। हमें आने वाला पीढ़ी को अपना भाषा ,संस्कृति, सभ्यता, धरोहर, के बारे में जानकारी देते हुए सिखाने की भी जरूरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अगुआ विरशु बाबा, पहान प्रधान उरांव, उप मुखिया अजीत मनी पाठक, वार्ड सदस्यों सुगा उरांव अन्य उपस्थित थे।

### पीएम मोदी की मां को दी गयी श्रद्धांजलि

गुमला। विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मां श्रीमती मीरा बेन मोदी के निधन पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया ' श्रद्धांजलि कार्यक्रम में श्री प्रवीण सिंह, श्री महेंद्र भगत, श्री भिखारी भगत, डॉ संजय कुमार, अटल बिहारी तिवारी, कौशल किशोर के साथ काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### नशे में धुत बाइक सवार युवक गिरकर घायल

गुमला। रायडीह थाना क्षेत्र के डोभडोभी के समीप बाइक सवार युवक रायडीह परसा निवासी 22 वर्षीय आनंद टोप्पो नशे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से बेहोशी की हालत में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक को सर सहित कई अन्य जगहों पर गंभीर चोटें आई है । परिजनों ने बताया कि आनंद बाइक से अपने दोस्त के पास भलमंडा गया था। वापसी के क्रम में डोभडोभी के समीप गिरकर घायल हो गया। वही डॉक्टर ने बताया कि युवक के सर में गंभीर चोट आई है। जिसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया जा रहा है।

### ऑटो पलटने से वृद्ध की मौत, दो घायल

गुमला। पालकोट थाना क्षेत्र के डहुपानी पंचायत स्थित रोकेडेगा-विरहोर क्लोनी के पास मुख्य सडक में गुरुवार देर रात ऑटो दुर्घटनाग्रस्त होकर पलटी गई। इस दुर्घटना में रोकेडेगा गांव निवासी दिव्यांग 65 वर्षीय जगमोहन सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि कोयनारटाड़ निवासी 28 वर्षीय महिला बिरसमूनी देवी व उसका 8 वर्षीय पुत्र भीम करण सिंह घटना मे गंभीर रुप से घायल हो गया। जहा लोगों की मदद से गंभीर रुप से घायल मां बेटा को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल लाया गया। घायलों का चिकित्सकों की देखरेख मे इलाज किया जा रहा है।

### आयुष्मान कार्ड को ले निकाली जागरूकता रैली

घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर स्वास्थ सहियाओं ने शुक्रवार को जागरूकता रैली निकाला ।रैली का नेतृत्व चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुसल एक्का ने किया। जागरूकता रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घागरा से शुरू होकर मुख्यालय के विभिन्न टोले, मुख्य पथ होते हुए पुण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घागरा पहुंची ।जहा समापन किया गया ।जागरूकता रैली में सहियाओं द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाना है फ्री में इलाज कराना है सहित कई नारे लगा रहे थे। मौके पर चिकित्सक प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का ने कहा कि आयुष्मान कार्ड सरकार की महत्वकांक्षी योजना है जो अभी सहिया के माध्यम से बनाया जा रहा हैं आप सभी जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं है वह आईष्मान कार्ड बनाकर 5 लाख तक का मुफ्त इलाज में लाभ उठा सकते हैं। अधिक से अधिक राशन कार्ड धारी आयुष्मान कार्ड बनवाएं और उसका लाभ उठाएं।

